**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 6276**

**दिनांक 02 अप्रैल, 2026 को उत्तरार्थ**

.....

**कर्नाटक में जल शक्ति अभियान**

**6276. श्री बसवराज बोम्मई:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक में जल शक्ति अभियान (जेएसए) के अंतर्गत शुरू किए गए कार्यों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कर्नाटक में उक्त अभियान के अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित की गई, जारी की गई और कितनी धनराशि का उपयोग किया गया;

(ग) क्या उक्त अभियान के भू-जल स्तर और पेयजल की उपलब्धता पर, विशेष रूप से कर्नाटक के सूखाग्रस्त जिलों में पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सतत जल संरक्षण के लिए राज्य सरकार की योजनाओं, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री**

**(श्री राज भूषण चौधरी)**

**(क) से (घ):** 'जल' के राज्य का विषय होने के कारण, जल संसाधनों के संरक्षण सहित उनसे संबंधित पहलुओं का अध्ययन, आयोजना, वित्तपोषण और कार्य-निष्पादन राज्य सरकारों द्वारा उनके अपने संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। केंद्र सरकार राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे उपायों और प्रयासों में सहायता प्रदान करती है।

जल शक्ति मंत्रालय ने वर्ष 2019 में 256 जल की कमी वाले जिलों में एक समयबद्ध, मिशन-आधारित जल संरक्षण अभियान के रूप में जल शक्ति अभियान (जेएसए) शुरू किया। जल शक्ति अभियान: कैच द रेन (जेएसए: सीटीआर), जिसकी टैगलाइन है: कैच द रेन, व्येर इट फॉल्स, वेन इट फॉल्स वर्ष 2021 में पूरे भारत में विस्तारित किया गया, जिसमें पाँच लक्षित कार्यकलाप शामिल थे: (1) जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन (2) सभी जल निकायों की संगणना, जियो-टैगिंग

और सूची बनाना; इसके आधार पर जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजनाएँ तैयार करना (3) सभी जिलों में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना (4) सघन वृक्षारोपण और (5) जागरूकता सृजन करना। इस अभियान को देश भर के सभी जिलों, ब्लॉकों और नगरपालिकाओं (ग्रामीण और शहरी दोनों) को शामिल करने के लिए विस्तारित किया गया। जेएसए: सीटीआर 2025 को दिनांक 22 मार्च 2025 को "जल संचय, जन भागीदारी: जन जागरूकता की ओर" थीम के साथ लॉन्च किया गया। कर्नाटक राज्य में पिछले तीन वर्षों के लिए जेएसए: सीटीआर का विवरण, जैसा कि जेएसए: सीटीआर पोर्टल पर रिपोर्ट किया गया है, **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

यह अभियान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत), पर ड्रॉप मोर क्रॉप, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत मरम्मत, नवीकरण और पुनरूद्धार घटक, क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैम्पा), वित्त आयोग अनुदान जैसी केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों की विभिन्न योजनाओं से समन्वित वित्तपोषण पर जोर देता है।

जल शक्ति अभियान के कार्यान्वयन में राज्यों और स्थानीय निकायों के सामने आने वाली चुनौतियों, विशेष रूप से कर्नाटक सहित जल की कमी वाले क्षेत्रों में, को दूर करने के लिए भारत सरकार ने एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। इस रणनीति के अंतर्गत, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के संगठनों से अपर सचिव/संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव रैंक के केंद्रीय नोडल अधिकारियों (सीएनओ) और तकनीकी अधिकारियों (टीओ) से युक्त केंद्रीय दल अभियान के दौरान लक्षित जिलों में फील्ड विजिट के लिए भेजी जाती हैं। इन दलों का उद्देश्य जिला प्राधिकारियों के साथ जल शक्ति अभियान पर संवाद करना, जिलों को सुविधा प्रदान करना और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना है। इसके अतिरिक्त, कर्नाटक सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा राज्य स्तर पर अभियान के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए राज्य नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की जाती है।

जेएसए: सीटीआर अभियान के तहत, पंचायती राज संस्थाएं समुदायों को एकत्रित करने, स्थानीय स्तर पर योजना बनाने में सहायता करने और जल संरक्षण कार्यों के सहभागी कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। वे जागरूकता बढ़ाने, व्यवहार परिवर्तन संचार और सामाजिक एकत्रीकरण में सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिससे जमीनी स्तर पर भागीदारी और स्वामित्व को मजबूती मिलती है।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्यों के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप उपाय अपनाने हेतु दिशानिर्देश तैयार किए हैं, जैसे दिल्ली के एकीकृत भवन उपनियम (यूबीबीएल), 2016, मॉडल विल्डिंग उपनियम (एमबीबीएल), 2016 और शहरी एवं क्षेत्रीय विकास योजना सृजन एवं कार्यान्वयन (यूआरडीपीएफआई) दिशानिर्देश, 2014, जिनमें वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण उपायों की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया है।

केंद्रीय भूमिजल बोर्ड द्वारा कर्नाटक के लिए वर्ष 2025 के आकलन के अनुसार, कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण 19.27 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है और वार्षिक निष्कर्षण योग्य भूजल संसाधन 17.41 बीसीएम है। वर्ष 2025 के लिए कर्नाटक राज्य का कुल वार्षिक भूजल निष्कर्षण 11.58 बीसीएम अनुमानित किया गया है। राज्य के लिए वार्षिक निष्कर्षण योग्य भूजल संसाधन 66.49% है। विस्तृत जानकारी **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

सीजीडब्ल्यूबी क्षेत्रीय स्तर पर कर्नाटक राज्य सहित पूरे देश में भूजल स्तर की निगरानी करता है। कर्नाटक राज्य के लिए मानसून के बाद नवंबर 2025 में मापा गया राज्य-वार जल स्तर **अनुलग्नक-III** में दिया गया है। भूजल स्तर में दीर्घकालिक उतार-चढ़ाव का आकलन करने के लिए, नवंबर 2025 के जिला-वार भूजल स्तर के आंकड़ों की तुलना नवंबर 2015-2024 के दशकीय औसत आंकड़ों से की गई है, और इसका विवरण **अनुलग्नक-IV** में दिया गया है।

केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों में, जल संसाधनों के समग्र और समन्वित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की समितियों में विभिन्न राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को शामिल करना, उच्च स्तर पर समीक्षा बैठकें, सम्मेलन, कार्यशालाएं और वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित करना शामिल है, जिनमें राज्यों को समयबद्ध तरीके से कार्यान्वयन की योजना बनाने और उसे गति देने की सलाह दी जाती है। इसके अतिरिक्त, राज्यों को मार्गदर्शन देने के लिए फील्ड और स्थलीय दौरे भी किए जाते हैं और वीडियो कॉन्फ्रेंस, वेबिनार, कार्यशालाओं और स्थलीय दौरों के माध्यम से समय-समय पर प्रगति की निगरानी की जाती है।

इसके अतिरिक्त, कर्नाटक राज्य ने सूचित किया है कि:

i. जल शक्ति अभियान (जेएसए) को कर्नाटक में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के लिए विभिन्न केंद्रीय और राज्य योजनाओं के समन्वय से एक अभियान-आधारित पहल के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर विभिन्न जिलों में चेक डैम, जल निकायों का पुनरुद्धार, वृक्षारोपण और भूजल पुनर्भरण संरचनाओं जैसे कार्य किए गए हैं।

ii. अपर मुख्य सचिव और विकास आयुक्त की अध्यक्षता में, जल शक्ति अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समीक्षा बैठकें, अंतर-विभागीय समन्वय और जिला प्रशासन तथा शहरी स्थानीय निकायों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

*****

**अनुलग्नक-I**

**"कर्नाटक में जल शक्ति अभियान" के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 6276 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

| **जल शक्ति अभियान:कैच द रेन - 2025** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय** | | | | | | |
| **जेएसए:सीटीआर पोर्टल के अनुसार कर्नाटक राज्य में कार्यकलाप-वार स्थिति रिपोर्ट** | | | | | | |
| * पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या | | | | | | |
| **क्र. सं.** | **जिले का नाम** | ***जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन** | ***पारंपरिक जल निकायों का नवीकरण** | ***पुन: उपयोग और पुनर्भरण संरचनाएं** | ***वाटरशेड विकास** | ***सघन वनीकरण** |
| 1 | बागलकोट | 746 | 121 | 459 | 1596 | 1477 |
| 2 | बल्लारी | 406 | 280 | 92 | 515 | 368 |
| 3 | बेलगावी | 2771 | 1196 | 3067 | 4231 | 24333 |
| 4 | बेंगलुरु ग्रामीण | 683 | 67 | 161 | 486 | 1096 |
| 5 | बेंगलुरु शहरी | 3 | 0 | 61 | 14 | 163 |
| 6 | बीदर | 2575 | 592 | 515 | 7748 | 3924 |
| 7 | चामराजनगर | 1011 | 136 | 250 | 347 | 1175 |
| 8 | चिक्कबल्लपुर | 894 | 83 | 363 | 1483 | 2223 |
| 9 | चिक्कामगलुरु | 1610 | 227 | 1204 | 1522 | 7264 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 7361 | 294 | 450 | 4901 | 2900 |
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 160 | 160 | 932 | 682 | 5948 |
| 12 | दावणगेरे | 469 | 129 | 650 | 400 | 672 |
| 13 | धारवाड़ | 1483 | 275 | 1718 | 3586 | 959 |
| 14 | गडग | 477 | 51 | 144 | 650 | 654 |
| 15 | हसन | 1412 | 372 | 421 | 3059 | 12679 |
| 16 | हावेरी | 1241 | 313 | 359 | 1300 | 3007 |
| 17 | कलबुर्गी | 3289 | 502 | 1182 | 7917 | 3449 |
| 18 | कोडागू | 237 | 105 | 216 | 107 | 682 |
| 19 | कोलार | 2000 | 165 | 301 | 1998 | 2685 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | कोप्पल | 1069 | 418 | 277 | 1860 | 1406 |
| 21 | मंड्या | 981 | 295 | 478 | 675 | 3106 |
| 22 | मैसूर | 967 | 124 | 430 | 1290 | 2187 |
| 23 | रायचूर | 3687 | 970 | 627 | 3476 | 5950 |
| 24 | रामनगर | 956 | 271 | 631 | 2517 | 5592 |
| 25 | शिमोगा | 759 | 442 | 218 | 776 | 814 |
| 26 | तुमकुर | 2274 | 613 | 677 | 15321 | 13586 |
| 27 | उडुपी | 63 | 63 | 385 | 153 | 442 |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 789 | 193 | 1063 | 432 | 735 |
| 29 | विजयपुर | 6146 | 175 | 307 | 7216 | 1465 |
| 30 | विजयनगर | 629 | 473 | 186 | 651 | 48964 |
| 31 | यादगीर | 3980 | 89 | 1123 | 5704 | 1442 |
| | **कुल** | **51128** | **9194** | **18947** | **82613** | **161347*** |

| जल शक्ति अभियान:कैच द रेन - 2024 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय** | | | | | | |
| **जेएसए:सीटीआर पोर्टल के अनुसार कर्नाटक राज्य में कार्यकलाप-वार स्थिति रिपोर्ट** | | | | | | |
| * पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या | | | | | | |
| **क्र. सं.** | **जिले का नाम** | ***जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन** | ***पारंपरिक जल निकायों का नवीकरण** | ***पुन: उपयोग और पुनर्भरण संरचनाएं** | ***वाटरशेड विकास** | ***सघन वनीकरण** |
| 1 | बागलकोट | 1733 | 458 | 1748 | 3442 | 3824 |
| 2 | बल्लारी | 2814 | 1335 | 667 | 3680 | 2196 |
| 3 | बेलगावी | 5676 | 1920 | 10380 | 7261 | 156561 |
| 4 | बेंगलुरु ग्रामीण | 1270 | 206 | 543 | 1191 | 3022 |
| 5 | बेंगलुरु शहरी | 53 | 20 | 227 | 126 | 941 |
| 6 | बीदर | 3858 | 1270 | 2918 | 15964 | 93416 |
| 7 | चामराजनगर | 2282 | 445 | 3633 | 1873 | 5201 |
| 8 | चिक्कबल्लपुर | 2029 | 212 | 1728 | 2812 | 9096 |
| 9 | चिक्कामगलुरु | 2940 | 618 | 3037 | 2908 | 66923 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 16140 | 647 | 3780 | 19177 | 94792 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 234 | 230 | 1681 | 915 | 37141 |
| 12 | दावणगेरे | 1098 | 277 | 2656 | 1393 | 8951 |
| 13 | धारवाड़ | 3451 | 458 | 5058 | 8586 | 3845 |
| 14 | गडग | 3974 | 350 | 1707 | 6025 | 5954 |
| 15 | हसन | 1776 | 448 | 1025 | 4588 | 15116 |
| 16 | हावेरी | 2000 | 610 | 3457 | 3658 | 11766 |
| 17 | कलबुर्गी | 7420 | 1440 | 7741 | 18331 | 8301 |
| 18 | कोडागू | 416 | 306 | 999 | 416 | 3526 |
| 19 | कोलार | 3750 | 330 | 1946 | 5180 | 8834 |
| 20 | कोप्पल | 4107 | 1680 | 2838 | 6485 | 44360 |
| 21 | मंड्या | 1669 | 654 | 1560 | 1756 | 5995 |
| 22 | मैसूर | 2061 | 411 | 3764 | 3264 | 11842 |
| 23 | रायचूर | 8110 | 1097 | 3070 | 10412 | 85520 |
| 24 | रामनगर | 2479 | 822 | 4169 | 11218 | 28161 |
| 25 | शिवमोगा | 1642 | 834 | 1700 | 1419 | 7998 |
| 26 | तुमकुरु | 3344 | 817 | 3352 | 32913 | 17220 |
| 27 | उडुपी | 134 | 277 | 1843 | 652 | 3516 |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 1085 | 344 | 4101 | 1253 | 27226 |
| 29 | विजयपुरा | 8868 | 309 | 1472 | 11967 | 4229 |
| 30 | विजयनगर | 1933 | 2545 | 1130 | 2889 | 6161 |
| 31 | यादगीर | 14816 | 287 | 2400 | 22559 | 2999 |
| | **कुल** | **113162** | **21657** | **86330** | **214313** | **784633*** |

| **जल शक्ति अभियान: कैच द रेन - 2023** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय** | | | | | | |
| **जेएसए:सीटीआर पोर्टल के अनुसार कर्नाटक राज्य में कार्यकलाप-वार स्थिति रिपोर्ट** | | | | | | |
| *** पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या** | | | | | | |
| **क्र. सं.** | **जिले का नाम** | ***जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन** | ***पारंपरिक जल निकायों का नवीकरण** | ***पुन: उपयोग और पुनर्भरण संरचनाएं** | ***वाटरशेड विकास** | ***सघन वनीकरण** |
| 1 | बागलकोट | 1564 | 357 | 1981 | 3887 | 3557 |
| 2 | बल्लारी | 4743 | 831 | 2455 | 6213 | 9489 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | बेलगावी | 2911 | 752 | 13411 | 5754 | 5345 |
| 4 | बेंगलुरु ग्रामीण | 1278 | 157 | 1749 | 1712 | 5873 |
| 5 | बेंगलुरु शहरी | 18 | 5 | 104 | 89 | 913 |
| 6 | बीदर | 2297 | 507 | 2884 | 10176 | 3803 |
| 7 | चामराजनगर | 954 | 180 | 2407 | 1106 | 2101 |
| 8 | चिक्कबल्लपुर | 2444 | 113 | 1887 | 2738 | 8602 |
| 9 | चिक्कामगलुरु | 1555 | 176 | 2786 | 2502 | 21133 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 4689 | 263 | 979 | 6513 | 4658 |
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 219 | 151 | 3068 | 1174 | 9586 |
| 12 | दावणगेरे | 535 | 165 | 2410 | 657 | 3549 |
| 13 | धारवाड़ | 1697 | 205 | 2319 | 4973 | 1530 |
| 14 | गडग | 1095 | 84 | 761 | 1875 | 1649 |
| 15 | हसन | 6682 | 548 | 3603 | 12333 | 22262 |
| 16 | हावेरी | 1167 | 184 | 2851 | 2353 | 6256 |
| 17 | कलबुर्गी | 2515 | 467 | 3478 | 5683 | 3050 |
| 18 | कोडागू | 338 | 271 | 1440 | 280 | 956 |
| 19 | कोलार | 4622 | 168 | 3924 | 5433 | 13823 |
| 20 | कोप्पल | 2095 | 336 | 2506 | 6643 | 31474 |
| 21 | मंड्या | 1690 | 360 | 1631 | 1753 | 5334 |
| 22 | मैसूर | 1967 | 284 | 4568 | 1932 | 6734 |
| 23 | रायचूर | 5439 | 616 | 4258 | 8043 | 5035 |
| 24 | रामनगर | 4719 | 569 | 6189 | 16328 | 35275 |
| 25 | शिवमोगा | 1132 | 500 | 4265 | 1094 | 8826 |
| 26 | तुमकुरु | 8401 | 776 | 6124 | 13351 | 18027 |
| 27 | उडुपी | 81 | 109 | 1442 | 510 | 2324 |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 590 | 224 | 7381 | 932 | 2510 |
| 29 | विजयपुरा | 8690 | 455 | 2272 | 8532 | 3258 |
| 30 | विजयनगर | 1751 | 1244 | 1857 | 5199 | 7229 |
| 31 | यादगीर | 7868 | 158 | 1543 | 11179 | 1609 |
| | **कुल** | **85746** | **11215** | **98533** | **150947** | **255770*** |

*****

**अनुलग्नक-II**

**"कर्नाटक में जल शक्ति अभियान" के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 6276 के (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**कर्नाटक के ज़िला-वार भूजल संसाधन, 2025**

| क्र. सं. | जिले का नाम | कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण | वार्षिक निष्कर्षण योग्य भूजल संसाधन | वर्तमान वार्षिक भूजल निष्कर्षण | | | | भूजल निष्कर्षण का चरण (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सिंचाई | औद्योगिक | घरेलू | कुल | |
| 1 | बागलकोट | 68522.5 | 61670.26 | 44115.2 | 28.29 | 4504.22 | 48647.69 | 78.88 |
| 2 | बल्लारी | 72840.39 | 65556.34 | 14180 | 494.02 | 2004.96 | 16678.97 | 25.44 |
| 3 | बेलगावी | 118825.7 | 107484.7 | 62577.71 | 238.31 | 12881.04 | 75697.07 | 70.43 |
| 4 | बेंगलुरु (ग्रामीण) | 18678.56 | 16810.69 | 20734.62 | 1287.35 | 2652.04 | 24673.99 | 146.78 |
| 5 | बेंगलुरु (शहरी) | 34265.4 | 30838.84 | 24744.05 | 13701.82 | 16223.9 | 54669.77 | 177.28 |
| 6 | बेंगलुरू दक्षिण | 54568.86 | 49111.96 | 41644.03 | 1020.6 | 2116.22 | 44780.88 | 91.18 |
| 7 | बीदर | 37974.51 | 34195.2 | 18742.76 | 70.13 | 4434.3 | 23247.19 | 67.98 |
| 8 | चामराजनगर | 39714.96 | 36078.7 | 29549.29 | 30.05 | 2303.92 | 31883.25 | 88.37 |
| 9 | चिक्कबल्लपुर | 34170.92 | 30753.83 | 47775.69 | 121.38 | 3049.24 | 50946.32 | 165.66 |
| 10 | चिक्कामगलुरु | 67772.97 | 61354.84 | 31107.88 | 202.89 | 2561.92 | 33872.68 | 55.21 |
| 11 | चित्रदुर्ग | 43540.66 | 39321.35 | 48219.48 | 115.51 | 3979.42 | 52314.42 | 133.04 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | दक्षिण कन्नड़ | 73327.88 | 65995.09 | 24888.19 | 53.12 | 5224.75 | 30166.07 | 45.71 |
| 13 | दावनगेरे | 63708.03 | 57795.01 | 47283.4 | 229.09 | 3685.54 | 51198.05 | 88.59 |
| 14 | धारवाड़ | 33068.74 | 29761.87 | 14704.28 | 116.21 | 2098.97 | 16919.44 | 56.85 |
| 15 | गडग | 35499.84 | 32552.47 | 23830.34 | 31.24 | 685.34 | 24546.92 | 75.41 |
| 16 | हसन | 87379.99 | 79141.3 | 47437.44 | 40.27 | 1173.29 | 48651.01 | 61.47 |
| 17 | हावेरी | 63312.72 | 56981.41 | 34681.2 | 73.02 | 2023.71 | 36777.92 | 64.54 |
| 18 | कलबुर्गी | 74896.38 | 67425.4 | 23757.91 | 47.7 | 7364.83 | 31170.45 | 46.23 |
| 19 | कोडागू | 23528.38 | 21292.87 | 6548.07 | 94.88 | 936.68 | 7579.65 | 35.6 |
| 20 | कोलारा | 36703.06 | 33032.75 | 56505.97 | 226.97 | 4189.65 | 60922.59 | 184.43 |
| 21 | कोप्पल | 66271 | 59856.23 | 33573.37 | 277.51 | 2832.53 | 36683.4 | 61.29 |
| 22 | मंड्या | 69663.29 | 63131.17 | 37500.42 | 97.06 | 3972.93 | 41570.44 | 65.85 |
| 23 | मैसूर | 73198.94 | 66020.4 | 27877.79 | 92.69 | 3020.86 | 30991.33 | 46.94 |
| 24 | रायचूर | 86504.51 | 78483.52 | 30947.4 | 182.69 | 3369.77 | 34499.85 | 43.96 |
| 25 | शिवमोगा | 108236.4 | 98115.07 | 38619.49 | 272.5 | 2714.47 | 41606.45 | 42.41 |
| 26 | तुमकुरु | 84999.81 | 76499.82 | 63903.47 | 178.86 | 5861.53 | 69943.86 | 91.43 |
| 27 | उडुपी | 54766.61 | 49289.94 | 13997.69 | 61.3 | 2124.74 | 16183.73 | 32.83 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **28** | **उत्तर कन्नड़** | 92723.99 | 83772.07 | 22383.84 | 29.38 | 3167.21 | 25580.44 | 30.54 |
| **29** | **विजयनगर** | 43384.98 | 39803.68 | 30492 | 32.16 | 1592.66 | 32116.83 | 80.69 |
| **30** | **विजयपुरा** | 105433.7 | 95306.7 | 37653.59 | 62.05 | 5132.66 | 42848.26 | 44.96 |
| **31** | **यादगीर** | 59974.72 | 53977.25 | 16232.65 | 1172.5 | 3139.79 | 20544.93 | 38.06 |
| | **कुल (एचएएम)** | **1927458** | **1741411** | **1016209** | **20681.55** | **121023.1** | **1157914** | **66.49** |
| | **कुल (बीसीएम)** | **19.27** | **17.41** | **10.16** | **0.21** | **1.21** | **11.58** | **66.49** |

*****

**अनुलग्नक-III**

**"कर्नाटक में जल शक्ति अभियान" के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 6276 के (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**कर्नाटक राज्य के लिए नवंबर 2025 के दौरान, मॉनसून-पश्चात 2025 हेतु मापा गया ज़िला-वार जल स्तर**

| जिला | विश्लेषित कुओं की सं. | उन कुओं की संख्या/प्रतिशत, जिनमें जल स्तर की गहराई (एमबीजीएल) इस सीमा के अंतर्गत है: | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 0 से 2 | | 2 से 5 | | 5 से 10 | | 10 से 20 | | 20 से 40 | | > 40 | |
| | | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % |
| बागलकोट | 22 | 6 | 27.30% | 10 | 45.50% | 6 | 27.30% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| बल्लारी | 8 | 2 | 25.00% | 5 | 62.50% | 1 | 12.50% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| बेलगावी | 69 | 24 | 34.80% | 33 | 47.80% | 9 | 13.00% | 3 | 4.30% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| बेंगलुरु ग्रामीण | 10 | 0 | 0.00% | 6 | 60.00% | 3 | 30.00% | 1 | 10.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| बेंगलुरु शहरी | 18 | 8 | 44.40% | 8 | 44.40% | 2 | 11.10% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| बीदर | 32 | 16 | 50.00% | 8 | 25.00% | 7 | 21.90% | 1 | 3.10% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| चामराजनगर | 19 | 6 | 31.60% | 7 | 36.80% | 4 | 21.10% | 2 | 10.50% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| चिक्कबल्लपुर | 9 | 5 | 55.60% | 3 | 33.30% | 1 | 11.10% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| चिक्कामगलुरु | 67 | 11 | 16.40% | 29 | 43.30% | 26 | 38.80% | 1 | 1.50% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| चित्रदुर्ग | 25 | 8 | 32.00% | 12 | 48.00% | 5 | 20.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| दक्षिण कन्नड़ | 89 | 8 | 9.00% | 25 | 28.10% | 50 | 56.20% | 6 | 6.70% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| दावणगेरे | 40 | 23 | 57.50% | 16 | 40.00% | 1 | 2.50% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| धारवाड़ | 18 | 5 | 27.80% | 4 | 22.20% | 7 | 38.90% | 2 | 11.10% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| गडग | 13 | 3 | 23.10% | 4 | 30.80% | 5 | 38.50% | 1 | 7.70% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| हसन | 64 | 21 | 32.80% | 26 | 40.60% | 16 | 25.00% | 1 | 1.60% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हावेरी | 16 | 8 | 50.00% | 4 | 25.00% | 4 | 25.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| कलबुर्गी | 50 | 22 | 44.00% | 21 | 42.00% | 7 | 14.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| कोडागू | 67 | 8 | 11.90% | 19 | 28.40% | 31 | 46.30% | 9 | 13.40% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| कोलार | 21 | 18 | 85.70% | 2 | 9.50% | 1 | 4.80% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| कोप्पल | 17 | 4 | 23.50% | 11 | 64.70% | 2 | 11.80% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| मंड्या | 40 | 20 | 50.00% | 11 | 27.50% | 9 | 22.50% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| मैसूर | 48 | 18 | 37.50% | 17 | 35.40% | 8 | 16.70% | 4 | 8.30% | 1 | 2.10% | 0 | 0.00% |
| रायचूर | 39 | 19 | 48.70% | 13 | 33.30% | 7 | 17.90% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| रामानगर | 22 | 8 | 36.40% | 9 | 40.90% | 4 | 18.20% | 1 | 4.50% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| शिवमोगा | 71 | 17 | 23.90% | 18 | 25.40% | 33 | 46.50% | 3 | 4.20% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| तुमकुरु | 34 | 19 | 55.90% | 11 | 32.40% | 3 | 8.80% | 1 | 2.90% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| उडुपी | 71 | 3 | 4.20% | 21 | 29.60% | 41 | 57.70% | 6 | 8.50% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| उत्तर कन्नड़ | 74 | 22 | 29.70% | 27 | 36.50% | 22 | 29.70% | 3 | 4.10% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| विजयनगर | 20 | 9 | 45.00% | 9 | 45.00% | 2 | 10.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| विजयपुरा | 48 | 16 | 33.30% | 27 | 56.30% | 5 | 10.40% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| यादगीर | 27 | 12 | 44.40% | 11 | 40.70% | 4 | 14.80% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| **कुल** | **1168** | **369** | **31.59** | **427** | **36.56** | **326** | **27.91** | **45** | **3.85** | **1** | **0.09** | **0** | **0** |

*****

**अनुलग्नक-IV**

**“कर्नाटक में जल शक्ति अभियान” के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 6276 के (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**कर्नाटक में औसत सहित ज़िला-वार दशकीय जल स्तर उतार-चढ़ाव (मॉनसून-पश्चात 2015 से 2024) और मॉनसून-पश्चात 2025 (असीमित जलभृत)**

| जिला | विश्लेषित कुओं की सं. | जल स्तर में परिवर्तन दर्शाने वाले कुओं की संख्या एवं प्रतिशत | | | | | | | | | | | | कुओं की कुल संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | | | | | | गिरावट | | | | | | वृद्धि | | गिरावट | | कोई बदलाव नहीं | |
| | | 0 to 2 | % | 2 to 4 | % | > 4 | % | 0 to 2 | % | 2 to 4 | % | > 4 | % | No | % | No | % | No | % |
| बागलकोट | 22 | 12 | 54.5% | 2 | 9.1% | 3 | 13.6% | 4 | 18.2% | 1 | 4.5% | 0 | 0.0% | 17 | 77.3% | 5 | 22.7% | 0 | 0.0% |
| बल्लारी | 7 | 5 | 71.4% | 1 | 14.3% | 0 | 0.0% | 1 | 14.3% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 6 | 85.7% | 1 | 14.3% | 0 | 0.0% |
| बेलगावी | 68 | 46 | 67.6% | 6 | 8.8% | 3 | 4.4% | 10 | 14.7% | 3 | 4.4% | 0 | 0.0% | 55 | 80.9% | 13 | 19.1% | 0 | 0.0% |
| बेंगलुरु ग्रामीण | 9 | 4 | 44.4% | 1 | 11.1% | 0 | 0.0% | 4 | 44.4% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 5 | 55.6% | 4 | 44.4% | 0 | 0.0% |
| बेंगलुरु शहरी | 18 | 9 | 50.0% | 1 | 5.6% | 0 | 0.0% | 8 | 44.4% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 10 | 55.6% | 8 | 44.4% | 0 | 0.0% |
| बीदर | 31 | 17 | 54.8% | 6 | 19.4% | 6 | 19.4% | 2 | 6.5% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 29 | 93.5% | 2 | 6.5% | 0 | 0.0% |
| चामराजनगर | 17 | 9 | 52.9% | 1 | 5.9% | 1 | 5.9% | 3 | 17.6% | 2 | 11.8% | 1 | 5.9% | 11 | 64.7% | 6 | 35.3% | 0 | 0.0% |
| चिक्कबल्लपुर | 8 | 6 | 75.0% | 1 | 12.5% | 0 | 0.0% | 1 | 12.5% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 7 | 87.5% | 1 | 12.5% | 0 | 0.0% |
| चिक्कामगलुरु | 66 | 43 | 65.2% | 8 | 12.1% | 2 | 3.0% | 12 | 18.2% | 0 | 0.0% | 1 | 1.5% | 53 | 80.3% | 13 | 19.7% | 0 | 0.0% |
| चित्रदुर्ग | 25 | 6 | 24.0% | 11 | 44.0% | 2 | 8.0% | 6 | 24.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 19 | 76.0% | 6 | 24.0% | 0 | 0.0% |
| दक्षिण कन्नड़ | 85 | 26 | 30.6% | 0 | 0.0% | 1 | 1.2% | 55 | 64.7% | 2 | 2.4% | 0 | 0.0% | 27 | 31.8% | 57 | 67.1% | 1 | 1.2% |
| दावणगेरे | 39 | 28 | 71.8% | 2 | 5.1% | 1 | 2.6% | 7 | 17.9% | 1 | 2.6% | 0 | 0.0% | 31 | 79.5% | 8 | 20.5% | 0 | 0.0% |
| धारवाड़ | 18 | 10 | 55.6% | 6 | 33.3% | 1 | 5.6% | 1 | 5.6% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 17 | 94.4% | 1 | 5.6% | 0 | 0.0% |
| गडग | 13 | 7 | 53.8% | 3 | 23.1% | 1 | 7.7% | 0 | 0.0% | 1 | 7.7% | 1 | 7.7% | 11 | 84.6% | 2 | 15.4% | 0 | 0.0% |
| हसन | 64 | 37 | 57.8% | 10 | 15.6% | 11 | 17.2% | 6 | 9.4% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 58 | 90.6% | 6 | 9.4% | 0 | 0.0% |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हावेरी | 14 | 5 | 35.7% | 2 | 14.3% | 2 | 14.3% | 3 | 21.4% | 2 | 14.3% | 0 | 0.0% | 9 | 64.3% | 5 | 35.7% | 0 | 0.0% |
| कलबुर्गी | 47 | 20 | 42.6% | 9 | 19.1% | 4 | 8.5% | 10 | 21.3% | 3 | 6.4% | 1 | 2.1% | 33 | 70.2% | 14 | 29.8% | 0 | 0.0% |
| कोडागू | 62 | 26 | 41.9% | 3 | 4.8% | 3 | 4.8% | 26 | 41.9% | 2 | 3.2% | 1 | 1.6% | 32 | 51.6% | 29 | 46.8% | 1 | 1.6% |
| कोलार | 18 | 12 | 66.7% | 5 | 27.8% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 1 | 5.6% | 0 | 0.0% | 17 | 94.4% | 1 | 5.6% | 0 | 0.0% |
| कोप्पल | 15 | 8 | 53.3% | 3 | 20.0% | 1 | 6.7% | 3 | 20.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 12 | 80.0% | 3 | 20.0% | 0 | 0.0% |
| मंड्या | 39 | 26 | 66.7% | 2 | 5.1% | 1 | 2.6% | 8 | 20.5% | 0 | 0.0% | 2 | 5.1% | 29 | 74.4% | 10 | 25.6% | 0 | 0.0% |
| मैसूर | 44 | 24 | 54.5% | 2 | 4.5% | 0 | 0.0% | 14 | 31.8% | 4 | 9.1% | 0 | 0.0% | 26 | 59.1% | 18 | 40.9% | 0 | 0.0% |
| रायचूर | 38 | 18 | 47.4% | 7 | 18.4% | 3 | 7.9% | 8 | 21.1% | 0 | 0.0% | 2 | 5.3% | 28 | 73.7% | 10 | 26.3% | 0 | 0.0% |
| रामानगर | 22 | 10 | 45.5% | 3 | 13.6% | 0 | 0.0% | 7 | 31.8% | 0 | 0.0% | 2 | 9.1% | 13 | 59.1% | 9 | 40.9% | 0 | 0.0% |
| शिवमोगा | 68 | 36 | 52.9% | 3 | 4.4% | 0 | 0.0% | 29 | 42.6% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 39 | 57.4% | 29 | 42.6% | 0 | 0.0% |
| तुमकुरु | 33 | 24 | 72.7% | 6 | 18.2% | 1 | 3.0% | 1 | 3.0% | 1 | 3.0% | 0 | 0.0% | 31 | 93.9% | 2 | 6.1% | 0 | 0.0% |
| उडुपी | 60 | 16 | 26.7% | 2 | 3.3% | 1 | 1.7% | 38 | 63.3% | 3 | 5.0% | 0 | 0.0% | 19 | 31.7% | 41 | 68.3% | 0 | 0.0% |
| उत्तर कन्नड़ | 73 | 44 | 60.3% | 1 | 1.4% | 0 | 0.0% | 26 | 35.6% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 45 | 61.6% | 26 | 35.6% | 2 | 2.7% |
| विजयनगर | 19 | 8 | 42.1% | 7 | 36.8% | 2 | 10.5% | 1 | 5.3% | 1 | 5.3% | 0 | 0.0% | 17 | 89.5% | 2 | 10.5% | 0 | 0.0% |
| विजयपुरा | 46 | 23 | 50.0% | 10 | 21.7% | 4 | 8.7% | 9 | 19.6% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 37 | 80.4% | 9 | 19.6% | 0 | 0.0% |
| यादगीर | 22 | 12 | 54.5% | 3 | 13.6% | 3 | 13.6% | 1 | 4.5% | 2 | 9.1% | 1 | 4.5% | 18 | 81.8% | 4 | 18.2% | 0 | 0.0% |
| **कुल** | **1110** | **577** | **52.0%** | **127** | **11.4%** | **57** | **5.1%** | **304** | **27.4%** | **29** | **2.6%** | **12** | **1.1%** | **761** | **68.6%** | **345** | **31.1%** | **4** | **0.4%** |

*****